खबरों में रहे स्टॉक

ल्यूपिन



अस्थमा उपचार के लिए डीपीआई पेश किया

₹ 733.1 पिछला बंद भाव
₹ 742.9 आज का बंद भाव
1.3 % ▲

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स



वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के दौरान बिक्री में दो अंकों के इजाफे की उम्मीद

₹ 888.6 पिछला बंद भाव
₹ 917.4 आज का बंद भाव
3.2 % ▲

लिखिता इन्फ्रास्ट्रक्चर



तेल और गैस वितरण फर्मों से तीसरी तिमाही में 457 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले

₹ 234.6 पिछला बंद भाव
₹ 242.3 आज का बंद भाव
3.3 % ▲

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन



पेट्रोकेमिकल विपणन में प्रवेश किया

₹ 241.0 पिछला बंद भाव
₹ 245.9 आज का बंद भाव
2.0 % ▲

फिनोलेक्स केबल्स



छोटे घरेलू उपकरण की श्रेणी में नए उत्पाद - इलेक्ट्रिक आयरन की शुरुआत

₹ 545.9 पिछला बंद भाव
₹ 550.0 आज का बंद भाव
0.7 % ▲

संक्षेप में

सुप्रीम कोर्ट में फैसले को चुनौती देगी गूगल : सूत्र

गूगल भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के फैसले को कुछ दिनों में सर्वोच्च न्यायाल में चुनौती देने की तैयारी कर रहा है। आयोग ने अमेरिकी कंपनी को एंड्रॉयड प्लेटफार्म के मार्केट करने के तरीके में बदलाव करने का आदेश दिया है। यह जानकारी इस मामले से जुड़े दो लोगों ने दी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने अक्टूबर में अल्फाबेट इंक पर बेजा नीतियां अपनाने के कारण 16.1 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया था। भारत में 97 फीसदी मोबाइल फोन एंड्रॉयड प्लेटफार्म पर संचालित होते हैं। अमेरिकी दिग्गज का इस क्षेत्र में कारोबार तेजी से बढ़ा है। इस मामले से जुड़े सूत्र ने बताया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने गूगल को भारत में 19 जनवरी तक बेजा मॉडल में बदलाव करने की समयसीमा तय की है। रॉयटर्स

सिरिऑनलैब्स ने 2.5 करोड़ डॉलर और जुटाए

एआई आधारित कॉन्ट्रैक्ट लाइफसाइकल मैनेजमेंट स्टार्टअप सिरिऑनलैब्स ने ब्रुकफील्ड ग्रोथ से 2.5 करोड़ डॉलर जुटाए हैं, जिससे इसका सीरीज डी का रकम जुटाने का दौर 11 करोड़ डॉलर के करीब पहुंच गया है। रकम जुटाने के पिछले दौर की अगुआई पार्टनर्स ग्रुप ने की थी, जिसमें इसकी मौजूदा निवेशकों - सिकोया इंडिया और टाइगर ग्लोबल ने भी भागीदारी की थी। बीएस

भारत का आत्मविश्वास काफी अलग : नडेला

बीएस संवाददाता
बेंगलूरु, 5 जनवरी

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी सत्य नडेला का मानना है कि न केवल डिजिटल प्रौद्योगिकी की दिशा में, बल्कि नीति के संबंध में भी योगदान देने में यह भारत का क्षण है। तीन साल के अंतराल के बाद भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए नडेला का कहना है कि इस यात्रा पर उन्हें भारत में जो आत्मविश्वास और जोश दिख रहा है, वह काफी अलग है। बेंगलूरु में माइक्रोसॉफ्ट के 'फ्यूचर रेडी समिट' कार्यक्रम से इतर मीडिया के साथ हुई संक्षिप्त बातचीत पर आधारित कुछ अंश ...

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन सत्य नडेला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की

एक अलग भारत

इस यात्रा पर मैंने भारत में जो आत्मविश्वास, ऊर्जा और जोश अनुभव किया है, वह बहुत अलग है। विशेष रूप से दुनिया भर में जो हो रहा है, उस संदर्भ में। मैंने पहले भी यह कहा है, भारत में डिजिटल रूप से सार्वजनिक वस्तुओं के साथ जो हो रहा है, वह असाधारण है। मैंने दुनिया में कहीं और ऐसा कुछ कभी नहीं देखा है। डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं का निर्माण एक हिस्सा है, लेकिन इस संबंध में लगातार गुणवत्ता स्तर बढ़ाना कि जिससे निजी उद्यम अब भी बड़े स्तर पर मूल्य जोड़ सकते हों, अनुकरणीय है।

इसने डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं का एक बेहतरीन चक्र निर्मित किया है, निजी उद्यमों को प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की अनुमति देकर लगातार गुणवत्ता स्तर उठाता है, जिससे फिर नागरिकों की लेनदेन लागत कम हो जाती है और जिसे सरकारी नीतियों द्वारा और अधिक मजबूत किया जाता है।

मुझे लगता है कि यह भारत का क्षण है। भारत डिजिटल प्रौद्योगिकी के साथ-साथ नीतिगत पक्ष में भी योगदान करने की अगुआई कर रहा है। मुझे लगता है कि ऐसी गाथा लिखे जाने की जरूरत है ताकि दुनिया में हर कोई इससे लाभान्वित हो सके। इसके अलावा भारत द्वारा जी20 का नेतृत्व एक महान क्षण है। हम, माइक्रोसॉफ्ट में, स्पष्ट रूप से इसका हिस्सा बनना चाहते हैं।

दुनिया के लिए मेक इन इंडिया

हम भारत में निर्माण कर रहे हैं। भारत में हमारा दूसरा सबसे बड़ा कर्मचारी आधार है। इससे भी खास बात यह है कि हम भारत में अपनी पूंजी का निवेश कर रहे हैं और डेटा केंद्रों का निर्माण कर रहे हैं। हमारे पास तीन 'डेट रिजन' हैं, चौथा आ रहा है और यह बड़े स्तर वाला निवेश है तथा ये तेजी से बढ़ रहे हैं। अब हम केवल एक सॉफ्टवेयर कंपनी नहीं हैं। जब हमारे पास कुछ स्फीतिकारी शक्तियां होती हैं, तो हमें एक विश्वस्तरीय तकनीक की आवश्यकता होती है जो अपस्फीतिकारक शक्ति के रूप में काम कर सके। हर कोई हर अर्थव्यवस्था में लेनदेन की कम लागत, नवीनतम नवाचार चाहता है।

प्रौद्योगिकी का भविष्य

स्पष्ट रूप से कृत्रिम मेधा का भविष्य है। यह एक ऐसा चलन है, जिसके बारे में हम आने वाले वर्षों में बात करेंगे।

मेरे लिए बड़ी बात सिर्फ तकनीकी सफलताओं को लेकर नहीं बल्कि इसे लेकर है कि इसे वास्तविक तौर पर कैसे इस्तेमाल किया जाए जिसका व्यापक असर हो। तकनीक के लिए तकनीक का इस्तेमाल अब समाप्त हो गया है। अब इसे सामाजिक प्रभाव के संदर्भ में उपयोगी बनाए जाने की जरूरत है।

भारतीय बाजार में संभावनाएं

भारत मौजूदा समय में हमारे लिए एक आकर्षक बाजार है। हम ग्राहकों, भागीदारों पर ध्यान केंद्रित कर भारत में डिजाइन तैयार करेंगे और निर्माण भी करेंगे। दरअसल, यदि कोई भारतीय डिजाइन कामयाब होता है तो हमें उसके लिए तकनीकी राह पर मजबती से आगे डटे रहने की जरूरत होगी।

भारत निर्मित सार्वजनिक ढांचा दुनिया भर में अपनाया जा रहा

शिवानी शिंदे
बेंगलूरु, 5 जनवरी

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी सत्य नडेला ने आज कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित वस्तुओं का सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक स्तर पर भी लागू है।

नडेला ने बेंगलूरु में माइक्रोसॉफ्ट के 'फ्यूचर रेडी समिट' कार्यक्रम में कहा कि इसमें वैश्विक स्तर पर 100 प्रतिशत व्यावहारिकता है। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और सभी कार्यक्रमों (योजनाएं) तथा इंडिया स्टैक (भारत में प्रौद्योगिकी के प्रसार) ने एक साथ मिलकर ऐसा अच्छ चक्र निर्मित किया है, जो दुनिया में किसी भी चीज से हटकर है। मुझे लगता है कि ये दोनों वे सबसे बड़े योगदान हैं, जो भारत दुनिया को दे सकता है। यह विचार कि सार्वजनिक रूप से अच्छा डिजिटल बुनियादी ढांचा हो, बहुत अच्छी बात है लेकिन इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि यह आम आदमी के उपयोग के लिए उपलब्ध है।

नडेला इन्फोसिस के गैर-कार्यकारी चेयरमैन और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पूर्व चेयरमैन नंदन नीलेकणि के साथ बातचीत कर रहे थे।

यह पूछे जाने पर कि सार्वजनिक वस्तुओं की डिलिवरी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में भारत कहा है, नीलेकणि ने कहा 'मुझे लगता है कि हम सफर के आधे रास्ते पर हैं। बड़ा दृष्टिकोण आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों की शक्ति का लाभ उठाते हुए डिजिटल-फर्स्ट अर्थव्यवस्था और समाज का निर्माण करना तथा आर्थिक वृद्धि लाकर लोगों के जीवन में सुधार लाना है।'

नीलेकणि ने कहा 'वर्ष 2016 में, हमारे पास 1,000 स्टार्टअप थे और आज हमारे पास 90,000 स्टार्टअप हैं। कई डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं ने वास्तव में इस उद्यमशीलता के विकास को सक्षम किया है। जियो ईकेवाईसी की वजह से एक दिन में 10 लाख ग्राहकों तक पहुंचने में सक्षम रही। भुगतान वृद्धि के कारण जेरोधा सबसे बड़ी ब्रोकिंग कंपनी बन गई।

दिसंबर में 5 फीसदी घटी वाहन बिक्री

शाइन जैकब
चेन्नई, 5 जनवरी

अक्टूबर व नवंबर में त्योहारी सीजन के सकारात्मक असर के बाद देश में वाहनों की खुदरा बिक्री दिसंबर, 2022 में 5 फीसदी घट गई, जिसकी मुख्य वजह दोपहिया की बिक्री में 11 फीसदी की आई गिरावट है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। फाडा के आंकड़ों में ऐसे समय गिरावट देखने को मिली जब थोक बिक्री के आंकड़े इस महीने की शुरुआत में बेहतर नजर आए थे।

दोपहिया के अलावा अन्य सभी श्रेणियां दिसंबर में हरे निशान में रहीं। तिपहिया, यात्री वाहन, ट्रैक्टर व वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में इस दौरान क्रमशः 42 फीसदी, 8 फीसदी, 5 फीसदी और 11 फीसदी का इजाफा हुआ।

हालांकि दिसंबर 2019 (कोविड पूर्व अवधि) से तुलना करें तो कुल खुदरा बिक्री 12 फीसदी कम रही। यहां भी दोपहिया ने ही कुल बिक्री को नीचे खींचा, जिसमें 21 फीसदी की गिरावट आई। अन्य सभी श्रेणियों मसलन तिपहिया, यात्री वाहन, ट्रैक्टर, वाणिज्यिक वाहन ने क्रमशः 4 फीसदी, 21 फीसदी, 27 फीसदी और 9 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की। ऐक्सिस बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने कंपनियों की तरफ से जारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री के आंकड़ों के मुताबिक यह 20 फीसदी बढ़ी जबकि ट्रैक्टर की बिक्री 28 फीसदी, यात्री वाहनों की 8 फीसदी और दोपहिया की महज 2 फीसदी बढ़ी। दिसंबर 2022 में भारतीय वाहन उद्योग की देसी यात्री वाहनों की बिक्री 2.76 लाख रही, जो दिसंबर 2021 के मुकाबले 8.3 फीसदी ज्यादा है।

कैलेंडर वर्ष 2022 में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 15 फीसदी बढ़ी और कैलेंडर वर्ष 2020 के मुकाबले 17 फीसदी का इजाफा हुआ। यह हालांकि 2019 की खुदरा बिक्री के पार निकलने में नाकाम रहा और 10 फीसदी की गिरावट दर्ज की। इस अवधि में यात्री वाहनों की श्रेणी ने बढ़त जारी रखी और पूरे साल में कुल 34.31 लाख वाहन बिके। यात्री वाहनों की बिक्री के मामले में यह अभी तक का सर्वोच्च खुदरा बिक्री का आंकड़ा है। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, महंगाई में बढ़ोतरी, वाहनों की बढ़ती लागत आदि के कारण ग्रामीण बाजारों में अभी बिक्री ने जोर नहीं पकड़ा है। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ रही बिक्री आदि का भी असर दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि आगामी अप्रैल में बीएस-6 स्टेज-2 नियम लागू होंगे और छह एयरबैग अनिवार्य बनाने की योजना से आगामी महीनों में वाहनों की लागत बढ़ेगी, जो उद्योग को चोट पहुंचासकता है। वाणिज्यिक वाहन दिग्गज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भारत में साल 2023 में मांग हर श्रेणी में टिकी रहेगी। विदेश में मंदी का असर नहीं पड़ेगा, न ही चीन के कोविड मामलों का यहां प्रभाव रहेगा।

आई गिरावट

- त्योहारी सीजन के सकारात्मक असर के बाद वाहनों की खुदरा बिक्री दिसंबर में लुढ़की
- दोपहिया की बिक्री में 11 फीसदी की गिरावट का दिखा असर
- दोपहिया के अलावा अन्य सभी श्रेणियां दिसंबर में हरे निशान में रहीं। तिपहिया, यात्री वाहन, ट्रैक्टर व वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री इस दौरान ठीक-ठाक रही

18,000 कर्मियों की छंटनी करेगी एमेजॉन

पृष्ठ 1 का शेष

एमेजॉन के मुख्य कार्याधिकारी एंडी जेसी ने कहा, 'नवंबर में हमने अपने डिवाइस और किताबों के व्यवसायों में कई पद समाप्त करने के कठिन निर्णय की सूचना दी थी और पीपल, एक्सपीरियंस तथा टेक्नोलॉजी (पीएक्सटी) संगठन में कुछ कर्मचारियों को स्वेच्छा से नौकरी छोड़ने के लिए कहा था।'

इस घोषणा से पता चलता है कि कैसे तकनीकी कंपनियां एक के बाद एक छंटनी कर रही हैं। मेटा, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सेल्सफोर्स, स्ट्राइप और ट्विटर ने भी पिछले साल बड़ी संख्या में कर्मचारी घटाने की घोषणा की थी।

एमेजॉन इंडिया ने इस साल के अंत तक वितरण, फूड डिलिवरी और एडटेक इकाई सहित कई कारोबार बंद करने का भी निर्णय लिया है। सूत्रों ने कहा कि नवंबर में जब कंपनी ने पहली बार छंटनी की घोषणा की थी तब आशंका जताई गई थी कि भारत में 200 से 300 कर्मचारी इससे प्रभावित हो सकते हैं। मगर यह भी माना गया था कि अधिकतर कर्मचारियों को दूसरे कारोबार में डालने का प्रयास किया जाएगा और केवल उन्हें कंपनी से निकाला जाएगा, जिन्हें कहीं और नहीं रखा जा सकता।



एमेजॉन की वितरण इकाई का परिचालन बेंगलूरु, मैसूरु और हुबली से किया जाता है और इसमें करीब 50 कर्मचारी कार्यरत हैं। एडटेक और फूड डिलिवरी इकाई में काम करने वाले करीब 25 कर्मचारियों को दूसरी जगहों पर रखा गया है।

एमेजॉन इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री मैनेजर – उपभोक्ता कारोबार मनीष तिवारी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को दिसंबर में बताया था कि कंपनी भारत में भर्तियों पर और बाजार में बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए निवेश जारी रखेगी।

50 प्रतिशत हरित हाइड्रोजन मिश्रण पर विचार

श्रेया जय
नई दिल्ली, 5 जनवरी

देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक एनटीपीसी अपनी गैस आधारित बिजली उत्पादन इकाइयों में कुल ईंधन आवश्यकता का 50 प्रतिशत तक ग्रीन हाइड्रोजन मिश्रण करने पर विचार कर रही है। बिजनेस स्टैंडर्ड को यह जानकारी मिली है।

कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि इससे उनकी इकाइयों में गैस आपूर्ति की कमी से निपटने में मदद मिलेगी। हरित हाइड्रोजन मिश्रण का यह अनुपात इन इकाइयों से निर्मित होने वाली उतनी ही मात्रा में हरित ऊर्जा में तब्दील हो जाएगा, जिससे एनटीपीसी की अक्षय ऊर्जा में मौजूदगी बढ़ेगी।

अधिकारियों ने कहा कि मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने कंपनी को सूचित किया है कि पांच प्रतिशत तक मिश्रण करने से टर्बाइन डिजाइन में किसी तरह का बदलाव करने की जरूरत नहीं होगी, लेकिन आगे चलकर इसमें कुछ जोड़-तोड़ की जरूरत हो सकती है। एनटीपीसी शुरू में ग्रे हाइड्रोजन (पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों से उत्पादित) के साथ प्रायोगिक शुरुआत करेगी और फिर हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ेगी। एक अधिकारी ने कहा कि यह योजना यह समझने के लिए है कि हाइड्रोजन की कितनी मात्रा की आवश्यकता होगी। अपनी प्रायोगिक शुरुआत के जरिये हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कंपनी की अक्षय ऊर्जा शाखा को कितनी ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन और आपूर्ति करने की आवश्यकता है। हम तीन से पांच फीसदी मिश्रण के साथ शुरुआत करेंगे। एनटीपीसी ने अपनी गैस इकाइयों में हाइड्रोजन मिश्रण की संभावना का पता लगाने के लिए हाल ही में अपने तीन ओईएम - मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज, जीई और सीमेंस के साथ अलग-अलग समझौते किए हैं। मिश्रण के लिए इस प्रायोगिक शुरुआत के वास्ते औरैया (663 मेगावॉट), कवास (645 मेगावॉट) और फरीदाबाद (430 मेगावॉट) की गैस आधारित बिजली उत्पादन इकाइयों की पहचान की गई है।

कंपनी ने हरित ऊर्जा के लिए एक अलग शाखा - एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) का गठन किया है, जिसमें एनटीपीसी के सभी हरित ऊर्जा कारोबार और परियोजनाएं होंगी। कंपनी सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन, हरित हाइड्रोजन निर्माण, बैटरी भंडारण आदि करेगी। एनजीईएल के लिए वर्ष 2032 तक 60 गीगावॉट का अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हाइड्रोजन मिश्रण का कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है, जब केंद्र सरकार गर्मी के अधिक मांग वाले आगामी महीनों के दौरान गैस बिजली संयंत्रों को पीकिंग इकाइयों के रूप में चलने के लिए सक्रिय करने पर विचार कर रही है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय एनटीपीसी की गैस पावर क्षमता का 2.5 गीगावॉट हिस्सा पीकिंग पावर स्टेशनों के रूप में रखने पर विचार कर रहा है। एनटीपीसी के पास 4 गीगावॉट की गैस-आधारित बिजली उत्पादन क्षमता है, जिसे वह खुद संचालित करती है तथा अन्य 2.5 गीगावॉट क्षमता का संयुक्त उद्यमों के माध्यम से संचालन किया जाता है।

एनटीपीसी की योजना

- देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक गैस आधारित बिजली संयंत्रों में 50 प्रतिशत तक मिश्रण की बना रही योजना
- तीन इकाइयों - औरैया, कवास और फरीदाबाद में शुरू करेगी प्रायोगिक शुरुआत
- हाइड्रोजन मिश्रण की सीमा का पता लगाने के लिए तीन ओईएम - मित्सुबिशी, सीमेंस और जीई के साथ किया समझौता

NTPC Limited

kotak कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ऑनलाइन ई-नीलामी संपत्ति की बिक्री

पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी 27, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई) मुंबई, महाराष्ट्र, पिनकोड-400 051 शाखा कार्यालय : 7वीं मंजिल, प्लॉट नंबर 7, सेक्टर-125, एनआर केल कैपस, नोएडा, यूपी-201313

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद् द्वारा जनता को सामान्य रूप से और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रत्याभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित की गई है, जिसका कब्जा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) के प्राधिकृत अधिकारी ने **27.12.2022** को अपने कब्जे में ले लिया है, बजाज फाइनेंस लिमिटेड **(जिसे बाद में ''बीएफएल'' के रूप में संदर्भित किया गया है)** द्वारा अपने पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के अनुसरण में, **17.02.2023 को दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे** के बीच 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ **ऋण खाते p593PBL2684910** के तहत केएमबीएल प्रत्याभूत ऋणदाता के, **श्री पवन कुमार और श्री विकास कुमार गोयल** से बकाया दिनांक 3.01.2023तक रुपये 30,06,421/- (रुपये तीस लाख छह हजार चार सौ इक्कीस मात्र) **दिनांक 4-01-2023 से लागू भविष्य के ब्याज के साथ लागत** और शुल्क के साथ पूर्ण भुगतान तक की वसूली के लिए ''जो है जहां है'', ''जो है जैसा है'', और ''यहां जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य **रुपये 28,00,000/-** (रुपये अट्ठाईस लाख मात्र) होगा और बयाना धन जमा **रुपये 2,80,000** (रुपये दो लाख अस्सी हजार मात्र) होगा और केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम **दिनांक 16.02.2023 शाम 6:00 बजे** तक (आईएसटी) है। **संपत्ति विवरण**–संपत्ति स्थित पट्टी म्दर, शोरा कोठी, गली नंबर 4 जींद रोड, तहसील और जिला कैथल हरियाणा-136027, सीमांकन : उत्तर : अन्य की संपत्ति, पूर्व : अन्य की संपत्ति, पश्चिम : गली, दक्षिण : सुभाष की संपत्ति। प्रत्याभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों पर उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है। आम तौर पर जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता कृपया ध्यान दें कि यदि यहां निर्धारित नीलामी किसी भी कारण से विफल हो जाती है तो प्रत्याभूत ऋणदाता के विवेक पर निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से प्रत्याभूत हित को प्रत्याभूत ऋणदाता प्रवर्तित कर सकता है। संपत्ति के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में बिक्री के तहत, बोलीदाता **श्री अंकित सोलंकी (+91 7302111608), श्री सोमेश सुंदरियाल (+91 9910563402), श्री सुमित सिन्हा (+91 9810616493) और श्री राजेंद्र दहिया (+91 8448264515) से संपर्क कर सकते है।** बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया कोटक महिंद्रा बैंक वेबसाइट में दिए गए लिंक **Https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** यानी **Www.kotak.com** या **https://bankauctions.in/** का संदर्भ लें।

स्थान : कैथल,
दिनांक : 06.01.2023

प्राधिकृत अधिकारी,
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड
Cent Bank Home Finance Limited
Branch : Panchkula Corporate Office : Mumbai
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

शाखा कार्यालयः
एससीओ 43, प्रथम तल, सैक्टर 4
पंचकुला, हरियाणा-134112,
फोनः 0172-2586768

कब्जा की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 (2002 के एक्ट नं. 54) के अधीन जो कि **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड,** शाखा कार्यालयः एससीओ 43, प्रथम तल, सैक्टर 4, पंचकुला, का प्राधिकृत अधिकारी है प्रतिभूति हित प्रवर्तन 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर प्रतिदेय करने की मांग करने के लिए जारी किया, अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी, जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत इस नियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** ले लिया है उधार लेने वाले ऋणी, जमानतदार एवं विशिष्ट रूप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार नहीं करें और इस संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड,** शाखा कार्यालय एससीओ 43, प्रथम तल, सैक्टर 4, पंचकुला, हरियाणा-134112 के खाते के आगे वर्णित राशि, ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा, खाते का विवरण निम्न प्रकार है:-

ऋणी का नाम	संपत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की तिथि कब्जे का प्रकार कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस में राशि
श्री वरिंदर पाठक, श्री परवीन कुमार और बलराज पाठक सभी श्री अमृत लाल के पुत्र हैं **लोन अकाउंट नं. 01802080000007**	मकान नं. 176, गाँव नाडा, मोरनी रोड टी पॉइंट, सैक्टर 31, निकट नाडा साहिब, पंचकुला, हरियाणा-134109, खेवट / खतौनी नं.-67/91, खसरा नं. 336(1-16) का 5/18वां भाग, यानि 10 बिस्वा, एच.बी.नं. 199, गाँव नाडा, तहसील एवं जिला-पंचकुला, हरियाणा। **चौहद्दी (सीमाएं): पूर्व**- अन्य की संपत्ति/नाला, **पश्चिम**- गली, **उत्तर**- अमर सिंह का मकान, **दक्षिण**- पान सिंह का मकान	25.08.2022 (सांकेतिक) 31.12.2022	रू. 15,70,865/- और ब्याज के साथ अन्य प्रभार

दिनांक : 05.01.2023 स्थान : पंचकुला अधिकृत प्राधिकारी

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय : यूनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई - 400069.

पटियाला शाखा: बी-17/423, द्वितीय मंजिल, सेठी काम्पलेक्स, पोलोग्राउण्ड के सामने, मोदी कॉलेज चौक, लोअर मॉल रोड, पटियाला- 147001 पंजाब

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतु)

जबकी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटरस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओं/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्र	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(एप्लीकेशन नं. 00147748/ पटियाला शाखा) सतपाल (ऋणी) संजय कुमार (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खसरा नं. 1112 (0-5), खाता नं. 1437, 2157 वार्ड नं. 11, इंदिरा गांधी कॉलोनी कालायत, कैथल, हरियाणा- 132032 **चर्तुसीमा :** पूर्व - अम्रपाली का प्लाट, पश्चिम - स्ट्रीट, उत्तर - नरेश का मकान, दक्षिण - जैल सिंह का प्लाट	13-09-2021 एवं ₹ 9,86,123/-	02-01-2023

स्थान : हरियाणा
दिनांक : 06-01-2023

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

चंडीगढ़ संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेसंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा, चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. MAHHIN/2008/24325 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं